2025

HINDI — MDC

Paper : CC-2

[Adhunik Hindi Kavita (Chhayavad Tak)]

Full Marks : 75

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

[आधुनिक हिन्दी कविता (छायावाद तक)]

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध की कविताओं की सामान्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ख) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की मुकरियों का सामाजिक तथा राजनीतिक निहितार्थ स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'मेरा नया बचपन' कविता का मूल-भाव अपने शब्दों में लिखिए।

(घ) मैथिलीशरण गुप्त की कविताओं में व्यक्त स्त्री-चेतना का विश्लेषण कीजिए।

(ङ) 'हमारा प्यारा भारतवर्ष' के माध्यम से कवि क्या संदेश देते हैं?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) उठ-उठ गिर-गिर फिर-फिर आती,
नर्तित पद-चिह्न बना जाती,
सिकता की रेखाएँ उभार
भर जाती अपनी तरल-सिहर!

(ख) सघन मेघों का भीमाकाश
गरजता है जब तमसाकार,
दीर्घ भरता समीर निःश्वास,
प्रखर झरती जब पावस-धार,
न जाने, तपक तड़ित में कौन
मुझे इंगित करता तब मौन।

(ग) नई नई नित तान सुनावै।
अपने जाल में जगत फँसावै।
नित नित हमै करै बल-सून।
क्यों सखि सज्जन नहिं कानून।

(घ) "मनुष्य मात्र बन्धु है" यही बड़ा विवेक है,
पुराणपुरुष स्वयंभू पिता प्रसिद्ध एक है,
फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद है
परंतु अंतरैक्य में प्रमाणभूत वेद हैं
अनर्थ हे कि बंधु हीन बंधु की व्यथा हरे
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥

(ङ) मूँदने पर भी दोनों नेत्र
खड़े दिखते सम्मुख साकार
पुतलियों में उनकी छवि श्याम
मोहिनी, जीवित जड़ ही गई
भूल जाने को उनकी याद
किए कितने ही तो उपचार
किंतु उनकी वह मंजुल-मूर्ति
छाप-सी दिल पर पड़ ही गई॥

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) सुभद्राकुमारी चौहान के एक काव्य-संकलन का नाम लिखिए।

(ख) 'प्रिय प्रवास' किस कवि की रचना है?

(ग) छायावाद का महाकाव्य किसे कहा जाता है?

(घ) 'मुकरियाँ' शब्द का अर्थ क्या है?

(ङ) सुमित्रानंदन पंत के किसी एक काव्य संकलन का नाम लिखिए।

(च) कविवर निराला का पूरा नाम लिखिए।

(छ) 'यामा' किसकी रचना है?

(ज) किस कवि को महात्मा गाँधी ने 'राष्ट्रकवि' की उपाधि दी?

(झ) 'मिला तेज से तेज' पुस्तक किसकी जीवनी है?